सारे जग में ही बाबा तेरा नारा लागे भजन लिरिक्स

सारे जग में ही बाबा,
तेरा नारा लागे,
ओ भक्तों नारा लागे,
ओ मने मोरवी का नंदन,
बड़ा प्यारा लागे,
ओ मने मोरवी का नंदन,
बड़ा प्यारा लागे।bd।

जबसे खाटू देखा मैंने,
भूल गया जग सारा,
खाटू का नज़ारा भक्तों,
लगता जान से प्यारा,
जब भी हारे के सहारे का नारा लागे,
ओ भक्तों नारा लागे,
ओ मने मोरवी का नंदन,
बड़ा प्यारा लागे।bd।

ऐसी मस्ती दे दे बाबा,
मस्त मलंग हो जाऊं,
तेरी नाम की महिमा को मैं,
घर घर जाके गाऊं,
जब भी लखदातार का नारा लागे,
ओ भक्तों नारा लागे
ओ मने मोरवी का नंदन,
बड़ा प्यारा लागे।bd।

'सेठी' की अरदास है बाबा,
चरणों से लगाना,
जब भी संकट आये बाबा,
आकर हमें बचाना,
जब भी मोरछड़ी का मने झाड़ा लागे,
ओ भक्तों नारा लागे,
ओ मने मोरवी का नंदन,
बड़ा प्यारा लागे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सारे जग में ही बाबा,
तेरा नारा लागे,
ओ भक्तों नारा लागे,
ओ मने मोरवी का नंदन,
बड़ा प्यारा लागे,
ओ मने मोरवी का नंदन,
बड़ा प्यारा लागे।bd।

Singer / Writer – Naveen Sethi

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com